Under Secretary to the Government of India.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग

प्लाट नं. 76, अरेरा हिल्स, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 जुलाई 2014

क्र. 301-001-2004.—मध्यप्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय, भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-5-4-2004-29-2, भोपाल, दिनांक 28 जनवरी 2004 द्वारा वैष्ठित शक्तियों के अधीन इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांक 15 जुलाई 2014 में जारी स्वतंत्र जिला फोरमों के अध्यक्षों को वर्तमान प्रभार के अतिरिक्त पूर्णकालिक/अंशकालिक जिला फोरमों के अध्यक्षों के रूप में नियुक्त किये जाने के आदेश में निम्नानुसार परिवर्तन करते हुए नीचे सारणी के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट जिला फोरमों के अध्यक्षों को उनके वर्तमान प्रभार के अतिरिक्त दिनांक 28 जुलाई 2014 से उक्त सारणी के कालम (3) में विनिर्दिष्ट जिला फोरमों का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा जाता है:—

क्रमांक	पूर्णकालिक फोरम का नाम	सबद्ध अंशकालिक फोरम का नाम
(1)	(2)	(3)
1.	ग्वालियर	मुरैना, भिण्ड
2.	जबलपुर	मण्डला, सिवनी, बालाघाट.

हस्ता./-

रजिस्ट्रार.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, शाजापुर, मध्यप्रदेश

शाजापुर, दिनांक 21 जुलाई 2014

क्र. 761-बी-एस.डब्ल्यू.-2014.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्र. 2 सन् 1974) की धारा 2(एस) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट स्थानीय क्षेत्रों को प्रस्तावित करते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से:—

''सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह (पुलिस) विभाग मंत्रालय, भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-2(क)-19-2012-बी-3-2, भोपाल, दिनांक 8 अगस्त 2013 एवं पुलिस मुख्यालय के पृष्ठांकन क्रमांक पुमु-18-योजना-3-767-13, दिनांक 10 अगस्त 2013 द्वारा जिला शाजापुर के ग्राम उकावता, थाना शाजापुर, तहसील शाजापुर में राष्ट्रीय राजमार्ग की सुरक्षा हेतु चौकी (चैक पोस्ट) ए.बी. रोड, एन.एच. स्वीकृत की गई है. उक्त चौकी को एतद्द्वारा राजपत्र में प्रकाशन के दिनांक से अस्तित्व में लाया जाता है. इस चौकी के क्षेत्र में ग्राम उकावता (थाना शाजापुर, जिला शाजापर) से ग्राम आलरी (थाना मक्सी, जिला देवास) तक का राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 03 का 60 किलोमीटर का क्षेत्र सम्मिलित रहेगा. इस क्षेत्र में घटित होने वाले अपराधों की रोकथाम, पंजीयन व अनुसंधान का कार्य संबंधित थानों के साथ-साथ इस चौकी पर पदस्थ पुलिस अधिकारियों द्वारा भी सम्पादित किया जावेगा.

प्रमोद गुप्ता, जिला दण्डाधिकारी एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला हरदा, मध्यप्रदेश

हरदा, दिनांक 18 जुलाई 2014

क्र. 402-मण्डी निर्वा.-2014-15.—मध्यप्रदेश, कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, रजनीश श्रीवास्तव, कलेक्टर, हरदा मण्डी अधिनियम की धारा 11(1) (घ) के अनुक्रम में मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी (लोक सभा तथा विधान सभा सदस्य की मण्डी समिति में सदस्यता तथा प्रतिनिधि का नाम निर्देशन) नियम-2010 के अन्तर्गत हरदा जिले की निम्नानुसार कृषि उपज मण्डी समितियों के लिये एतद्द्वारा प्रतिनिधि नाम-निर्दिष्ट करता हूं:—

क्र.	मण्डी का नाम	नामनिर्दिष्ट सदस्यों का नाम एवं पता	मण्डी अधिनियम की धारा
1	कृषि उपज मण्डी समिति, खिरकिया	श्री गंगाविशन मुनीम जी, नि. ग्राम छिपाबड, तह. खिरकिया.	11(1) (घ)
		श्री शंकर सिंह सोलंकी पिता श्रीकिशन, नि. जटपुरामाल, तह. खिरकिया.	11(1) (घ)
2	कृषि उपज मण्डी समिति, टिमरनी	श्री चम्पालाल पटेल, नि. सोडलपुर	11(1) (घ)
3	कृषि उपज मण्डी समिति, सिराली	श्री पदम पटेल, नि. सिराली	11(1) (घ)

क्र. 404-मण्डी निर्वा.-2014-15.—मध्यप्रदेश, कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, रजनीश श्रीवास्तव, कलेक्टर, हरदा मण्डी अधिनियम की धारा 11(1) (ङ) के अनुक्रम में मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी (सहकारी विपणन सोसायटी की प्रबंध कारणी समिति के द्वारा सदस्य को मण्डी समिति में सदस्यता तथा प्रतिनिधि का नाम निर्देशन) नियम-2010 के अन्तर्गत हरदा जिले की निम्नानुसार कृषि उपज मण्डी समितियों के लिये एतद्द्वारा प्रतिनिधि नाम-निर्दिष्ट करता हूं:—

क्र.	मण्डी का नाम	नामनिर्दिष्ट सदस्यों का नाम एवं पता	मण्डी अधिनियम की धारा

1	कृषि उपज मण्डी समिति, खिरकिया	श्री नितिन आ. श्री पूनमचंद	11(1) (ङ)

क्र. 406–मण्डी निर्वा.–2014–15.—मध्यप्रदेश, कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, रजनीश श्रीवास्तव, कलेक्टर, हरदा मण्डी अधिनियम की धारा 11(1) (च) के अनुक्रम में मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी (कृषि विभाग के अन्तर्गत अधिकारी को मण्डी समिति में सदस्यता तथा प्रतिनिधि का नाम निर्देशन) नियम–2010 के अन्तर्गत हरदा जिले की निम्नानुसार कृषि उपज मण्डी समितियों के लिये एतद्द्वारा प्रतिनिधि नाम–निर्दिष्ट करता हूं:—

क्र.	मण्डी का नाम	नामनिर्दिष्ट सदस्यों का नाम एवं पता	मण्डी अधिनियम की धारा
1	कृषि उपज मण्डी समिति, हरदा	श्री विलास पाटिल, सहायक संचालक कृषि	11(1) (च)
2	कृषि उपज मण्डी समिति, खिरकिया	श्री जी. एस. मण्डलेकर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी	11(1) (च)
3	कृषि उपज मण्डी समिति, टिमरनी	श्री सी. के. त्रिपाठी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी	11(1) (च)
4	कृषि उपज मण्डी समिति, सिराली	श्री पी. एन. छापरे, कृषि विकास अधिकारी	11(1) (च)

क्र. 408–मण्डी निर्वा.–2014–15.—मध्यप्रदेश, कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं रजनीश श्रीवास्तव, कलेक्टर, हरदा मण्डी अधिनियम की धारा 11(1) (झ) के अनुक्रम में मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी (जिला भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष या उसकी प्रबंध समिति के सदस्य को मण्डी समिति में सदस्यता तथा प्रतिनिधि का नाम निर्देशन) नियम–2010 के अन्तर्गत हरदा जिले की निम्नानुसार कृषि उपज मण्डी समितियों के लिये एतद्द्वारा प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट करता हूं:—

क्र.	मण्डी का नाम	नामनिर्दिष्ट सदस्यों का नाम एवं पता	मण्डी अधिनियम की धारा
1	कृषि उपज मण्डी समिति, हरदा	श्री दशरथ ढोके, बैंक संचालक ग्राम/पोस्ट रिजगांव, तहसील हरदा.	11(1) (झ)
2	कृषि उपज मण्डी समिति, खिरकिया	श्री सखाराम ठाकुर, बैंक संचालक, ग्राम बारंगा, पोस्ट खमलाय, तह. खिरकिया.	11(1) (झ)
3	कृषि उपज मण्डी समिति, टिमरनी	श्री दशरथ ढोके, बैंक संचालक ग्राम/पोस्ट रिजगांव, तहसील हरदा.	11(1) (झ)

क्र. 410–मण्डी निर्वा.–2014–15.—मध्यप्रदेश, कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, रजनीश श्रीवास्तव, कलेक्टर, हरदा मण्डी अधिनियम की धारा 11(1) (ञ) के अनुक्रम में मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी (ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत या जिला पंचायत के अध्यक्ष द्वारा सदस्य को मण्डी समिति में सदस्यता तथा प्रतिनिधि का नाम निर्देशन) नियम–2010 के अन्तर्गत हरदा जिले की निम्नानुसार कृषि उपज मण्डी समितियों के लिये एतद्द्वारा प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट करता हूं:—

क्र.	मण्डी का नाम	नामनिर्दिष्ट सदस्यों का नाम एवं पता	मण्डी अधिनियम की धारा
1	कृषि उपज मण्डी समिति, हरदा	श्रीमती सुप्रिया अशोक पटेल, नि. मानपुरा, हरदा	11(1) (ञ)
2	कृषि उपज मण्डी समिति, खिरकिया	श्री भूपेन्द्र शाह, ग्राम मकडाई, तह. खिरकिया	11(1) (ञ)
3	कृषि उपज मण्डी समिति, टिमरनी	श्रीमती सुप्रिया अशोक पटेल, नि. मानपुरा, हरदा	11(1) (ञ)
4	कृषि उपज मण्डी समिति, सिराली	श्री भूपेन्द्र शाह, ग्राम मकडाई, तह. खिरकिया	11(1) (ञ)

रजनीश श्रीवास्तव, कलेक्टर.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला दमोह, मध्यप्रदेश

दमोह, दिनांक 22 जुलाई 2014

क्र. एफ-85-10-(मण्डी)-मण्डी निर्वा.-2014-15-60.—मध्यप्रदेश, कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, स्वतंत्र कुमार सिंह, कलेक्टर, दमोह मण्डी अधिनियम की धारा 11(1) (घ) के अनुक्रम में मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी (लोक सभा तथा विधान सभा सदस्य की मण्डी समिति में सदस्यता तथा प्रतिनिधि का नाम निर्देशन) नियम-2010 के अन्तर्गत दमोह जिले की निम्नानुसार कृषि उपज मण्डी समितियों के लिये एतद्द्वारा प्रतिनिधि नाम-निर्दिष्ट करता हूं:—

क्र. (1)	मण्डी का नाम (2)	नामनिर्दिष्ट सदस्यों का नाम एवं पता (3)	मण्डी अधिनियम की धारा (4)
1	171—दमोह	07—दमोह संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित सांसद द्वारा नामनिर्दिष्ट:— 1. प्रद्युम्नसिंह/प्रताप नारायण सिंह, हिंडोरिया, जिला दमोह	मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11 (1)
2	174—हटा	57—हटा विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचित विधान सभा सदस्य द्वारा नामनिर्दिष्ट:— 1. कमलेश चौदहा/स्व. श्री शालिगराम चौदहा, ग्राम व पो. मड़ियादो, तह. हटा, जिला दमोह.	मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11 (1)
3	171—दमोह	1. रविशंकर गुप्ता, सहायक संचालक, कृषि दमोह	मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11 (1)
4	171—दमोह	सहकारी विपणन सोसायटी की प्रबंधकारिणी समिति द्वारा 1. देवेन्द्र कुमार सेठ/ गुलाबचंद सेठ, पुराना बाजार नं. 01, दमोह	मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11 (1)

स्वतंत्र कुमार सिंह, कलेक्टर.

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण
सी-2, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर

जबलपुर, दिनांक 25 जून 2014

क्र. फा.नं. 4-वि.सेवा-राविसेप्रा.-14.—मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक दिनांक 3 फरवरी 2014 में पारित प्रस्ताव अनुसार विधिक सहायता अधिवक्ताओं को देय मानदेय/ शुल्क पुनरीक्षित किया गया, जो निम्नानुसार है:—

अ— (i) जिला एवं सत्र न्यायालय के लिये—

(1) सत्र प्रकरण : —रुपये 4,000/- से 6,000/-
अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा यथानिर्धारित)

विशेष मामले जैसे—एन.डी.पी.एस. अधिनियम, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचारों का निवारण) अधिनियम इत्यादि, जो सत्र न्यायालयों या विशेष न्यायालयों में सत्र न्यायाधीश द्वारा (विद्युत् मामलों को छोड़कर) अनन्यत: विचारण किये जाते हैं, सत्र मामलों की भांति शुल्क देय होगा.

(2) सत्र प्रकरणों के अतिरिक्त एवं विशेष प्रकरण —रुपये 2,000/-

(3) व्यवहार वाद—ए श्रेणी वाद —रुपये 3,000/-
बी श्रेणी वाद —रुपये 1,500/-

(4)	व्यवहार अपील—ए श्रेणी वाद	—रुपये 3,000/-
	बी श्रेणी वाद	—रुपये 1,500/-
(5)	वैवाहिक प्रकरण	—रुपये 1,100/-
(6)	मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण	—रुपये 1,100/-
(7)	जमानत आवेदन	—रुपये 1,100/-
(8)	आपराधिक पुनरीक्षण	—रुपये 1,100/-
(9)	दाण्डिक अपील	—रुपये 2,000/-
(10)	एम. जे. सी.	—रुपये 1,100/-

(ii) व्यवहार न्यायाधीश/न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के लिए:—

(1)	दीवानी वाद—ए श्रेणी वाद	—रुपये 3,000/-
	बी श्रेणी वाद	—रुपये 1,500/-
(2)	आपराधिक मामले	—रुपये 1,500/-
(3)	भरण पोषण मामले	—रुपये 1,100/-
(4)	जमानत आवेदन	—रुपये 500/-
(5)	एम. जे. सी.	—रुपये 500/-

(iii) राजस्व न्यायालयों के लिए:—

(1)	राजस्व मण्डल	—रुपये 1,100/-
(2)	आयुक्त	—रुपये 1,100/-
(3)	कलेक्टर	—रुपये 1,100/-
(4)	एस.डी.ओ./एस.डी.एम.	—रुपये 1,100/-
(5)	तहसीलदार	—रुपये 1,100/-

(iv) अन्य न्यायालयों के लिए:—

(1)	राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग/अधिकरण	—रुपये 1,100/-
(2)	श्रम न्यायालय	—रुपये 1,100/-
(3)	जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम	—रुपये 1,100/-

(v) **अन्य प्रकरण**.—जो प्रकरण उपरोक्त अंतर्गत नहीं आते एवं जिन मामलों में विधिक सहायता म. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विनियम, 1997 के विनियम, 15 के उपबंधों के सिवाय, नहीं दी जा सकती, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष को उपरोक्तानुसार निश्चित मानदेय की अनुसूची एवं मध्यप्रदेश दीवानी न्यायालय नियम (नियमों एवं आदेशों) को विचार में रखते हुए विधिक पारिश्रमिक निश्चित करने की शक्ति होगी.

(vi) **मुद्रण एवं प्रकीर्ण व्यय:—**

1. विधिक सहायता अधिवक्ता द्वारा जो वास्तविक आनुषांगिक व्यय किए जाते हैं ऐसे विधिक सहायता अधिवक्ता द्वारा प्रमाण-पत्र, जो देयकों द्वारा समर्थित हो, की प्रतिपूर्ति की जायेगी. यदि ऐसे अनुषांगिक व्यय देयकों द्वारा समर्थित नहीं है तो अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रकरण की प्रकृति को एवं अनुमानित खर्चे को ध्यान में रखते हुए उचित राशि निश्चित कर, प्रतिपूर्ति कर सकता है.

2. ऐसे प्रकरण में जहां एक से अधिक व्यक्ति विधिक सहायता से लाभांवित है, एकल मानदेय (Single set of honorarium) देय होगा.

ब—उच्च न्यायालय के लिए

भाग—1 दीवानी कार्य

डिवीजन 1, दीवानी अपील जो मूल डिक्री या अपीलीय डिक्री से उद्‌भूत हो	—रुपये	3,000/-
डिवीजन 2, प्रकीर्ण अपीलें	—रुपये	1,500/-
डिवीजन 3 ए, दीवानी पुनरीक्षण एवं रिट याचिकायें जो सिविल प्रक्रिया संहिता से उद्‌भूत हो	—रुपये	1,500/-
डिवीजन 3 बी, किराया पुनरीक्षण	—रुपये	1,500/-
डिवीजन 4, रिट याचिकायें जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226/227 के अंतर्गत हो	—रुपये	2,000/-

भाग—2 आपराधिक कार्य

डिवीजन 1 आपराधिक अपीलें

अ—मृत्युदण्ड से संबंधित अपीलें	—रुपये	5,000/-
ब—आजीवन कारावास से संबंधित अपीलें	—रुपये	4,000/-
स—अन्य अपीलें (अ एवं ब के अतिरिक्त)	—रुपये	2,000/-
डिवीजन 2 आपराधिक पुनरीक्षण	—रुपये	1,500/-
डिवीजन 3 विविध आवेदन, प्रकीर्ण आपराधिक प्रकरणों सहित	—रुपये	1,000/-

भाग—3 विविध प्रकीर्ण प्रक्रियायें

डिवीजन 1, एल.पी.ए. एवं रिट अपीलें	—रुपये	2,000/-
डिवीजन 2, निर्णय/आदेशों का पुनर्वलोकन	—रुपये	500/-
डिवीजन 3, अन्य प्रकरण		

जो प्रकरण उपरोक्त अंतर्गत नहीं आते एवं जिन मामलों में विधिक सहायता म. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विनियम, 1997 के विनियम, 15 के उपबन्धों के सिवाय, नहीं दी जा सकती, अध्यक्ष को मानदेय की अनुसूची एवं म.प्र. दीवानी न्यायालय नियम (नियमों एवं आदेशों) को विचार में रखते हुए उपरोक्तानुसार विधिक पारिश्रमिक निश्चित करने की शक्ति होगी.

डिवीजन—4—आनुषांगिक व्यय एवं प्रकीर्ण मामलें

1. विधिक सहायता अधिवक्ता द्वारा जो वास्तविक आनुषांगिक व्यय किए जाते हैं ऐसे विधिक सहायता अधिवक्ता द्वारा प्रमाण-पत्र जो देयकों द्वारा समर्थित हो, की प्रतिपूर्ति की जायेगी. यदि ऐसे अनुषांगिक व्यय देयकों द्वारा समर्थित नहीं है तो सचिव, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति प्रकरण की प्रकृति को एवं अनुमानित खर्चे को ध्यान में रखते हुए उचित राशि निश्चित कर, प्रतिपूर्ति कर सकता है.

2. ऐसे प्रकरणों में जहां एक से अधिक व्यक्ति विधिक सहायता से लाभांवित हैं, एकल मानदेय (Single set of honorarium) देय होगा.

दिनेश कुमार नायक, सदस्य-सचिव.

Jabalpur the 25th June, 2014

F-No.4-Leg.Ad.–SLSA-2014.—The Madhya Pradesh State Legal Services Authority in its meeting dated 3rd February, 2014 resolved that the honorarium/fee payable to the Panel Lawyears be revised as under:—

A—(i) For District & Sessions Court:

(1)	Session Trail:	Rs. 4,000/- to 6,000/- to be Determined by the chairman, DLSA

Special cases under NDPS Act, Prevention of corruption Act, SC & ST (Prevention of Atrocities) Act, etc Which are exclusively triable by Court of Session or Special court presided by Sessions Judge (other than Electricity Cases) in category of Sessions trial.

(2)	Other than sessions trail & Special cases	Rs. 2,000/-
(3)	Civil Suits A-Class Suits	Rs. 3,000/-
	B-Class Suits	Rs. 1,500/-
(4)	Civil Appeal A-Class Suits	Rs. 3,000/-
	B-Class Suits	Rs. 1,500/-
(5)	Matrimonial Cases:	Rs. 1,100/-
(6)	Motor Accident Claim petition:	Rs. 1,100/-
(7)	Criminal Revision:	Rs. 1,100/-
(8)	Bail Application:	Rs. 1,100/-
(9)	Criminal Appeals:	Rs. 2,000/-
(10)	MJC:	Rs. 1,100/-

(ii) For the Courts of Civil Judge/Judicial Magistrate

(1)	Civil Suits A-Class	Rs. 3,000/-
	B-Class	Rs. 1,500/-
(2)	Criminal Cases:	Rs. 1,500/-
(3)	Maintenance:	Rs. 1,100/-
(4)	Bail Application:	Rs. 500/-
(5)	MJC:	Rs. 500/-

(iii) For Revenue Courts

(1)	**Revenue Board:**	Rs. 1,100/-
(2)	Commissioner:	Rs. 1,100/-
(3)	Collector:	Rs. 1,100/-
(4)	SDO/SDM:	Rs. 1,100/-
(5)	Tehsildar:	Rs. 1,100/-

(iv) For other Courts

(1)	State Consumer Disputes Redressal Commission/Tribunal:	Rs. 1,100/-
(2)	Labour Courts:	Rs. 1,100/-
(3)	District Consumer Disputes:	Rs. 1,100/-

(v) Other cases:—The Cases not covered as above and in cases in which no legal aid can be grasnted except as per the provisions of Regulation 15 of the M. P. State Legal Services Authority Regulations, 1997, the Chairman of DLSA shall have power to the fix the legal remuneration by way of honorarium keeping in view the schedule of honorarium fixed as above and M. P. Civil court Rules (Rules & Orders).

(vi) Typing Mise. charges:—

(1) Actual incidental expenditure incurred by the legal aid Advocate will be reimbursed provided it is supported by the vouchers and a certificate is given to that effect by such Legal Aid Advocate. If the incidental expenditure is not supported by the vouchers, Chairmain, DLSA may fix and reimbuers a reasonable sum considering the approximate expenditure which might have occurred looking to the nature of the case.

(2) Single set of honorarium shall be payable in cases in which more than one aided person is involved.

B for High Court:

PART—I Civil Work**

Division 1, Civil Appeals:

Civil Appeals arising from th original Decree or from applleant decree:	Rs. 3,000/-
Division 2, Misc. Appeals:	Rs. 1,500/-
Division 3-A, Civil Revisions and writ Petitions arising out of C. P. C.:	Rs. 1,500/-
Division 3-B, Rent Revisions:	Rs. 1,500/-
Division 4, Writ Petitions Under Articles 226/2267 of Constitution of India	Rs. 2,000/-

PART—II Civil Work**

Division 1, Criminal Appeals:

A—Appeals involving death sentence:	Rs. 5,000/-
B—Appeals involving imprisonment for Life:	Rs. 4,000/-
C—Appeals other than mentioned at: S. No. A, B	Rs. 2,000/-
Division 2, Criminal Revision	Rs. 1500/-

3

Division 3, Misc Application Inclusing M. Cr. C.	Rs. 1000/-

PART—III MISC. PROCEEDINGS**

Division 1, L. P.AS & Writ Appeals	Rs. 2,000/-
Division 2, Review of Judgment/Order	Rs. 500/-
Division 3, other cases:	

The cases not covered as above and in cases in which no legal aid can be granted except as per the provision of Regulation 15 of the M. P. State Legal Service Authority Regulation, 1997 the Chairman shall have power to fix the legal remureration by way of honorarium keeping in view the schedule honorarium fixed as above and M. P. Civil Court Rules (Rules & Order).

Division 4—Incidental Expenditure and Miscellaneous matters:

(1) Actual incident expenditure incurred by the legal aid advocate will be reimbursed provided it is supported by the vouchers and a certificate is given to that effect by such Legal Aid Advocates. If the incidental expenditure is not supported by the vouchers, Secretary High Court Legal Services Committe may fix and reaimburse a resonable sum considering the approximate which might have occurred looking to the nature of the case.

(2) Single set of honorarium shall be payable in cases in which more than one aided person is involved.

DINESH KUMAR NAIK, Member Secretary.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

निर्वाचन भवन

58, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)—462011

आदेश

भोपाल, दिनांक 24 जुलाई 2014

क्र. एफ-67-224-10-तीन-नपा-507.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर** के आम निर्वाचन में **सुश्री छोटीबाई** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर परिषद् गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर, 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी, 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **नरसिंहपुर** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **नरसिंहपुर** के पत्र दिनांक 08 मार्च, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री छोटीबाई** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री छोटीबाई** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 9 मार्च, 2012 जारी किया गया. कारण बताओ सूचना-पत्र में **सुश्री छोटीबाई** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री छोटीबाई द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र की तामीली दिनांक 25 फरवरी, 2013 को की गयी. अतः उनको दिनांक 12 मार्च, 2013 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था आयोग द्वारा **सुश्री छोटीबाई** को कारण बताओ सूचना पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, नरसिंहपुर से उनका अभिमत चाहा गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी, नरसिंहपुर से प्राप्त पत्र दिनांक 16 मई, 2014 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **सुश्री छोटीबाई** ने कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **सुश्री छोटीबाई** को दिनांक 8 जुलाई, 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर बुलाया गया. अभ्यर्थी व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं हुई, जबकि अभ्यर्थी **सुश्री छोटीबाई** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र दिनांक 28 जून, 2014 की तामीली विहित समयावधि में दिनांक 2 जुलाई, 2014 को कराई जा चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री छोटीबाई** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद्, गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-

(जी. पी. श्रीवास्तव)

सचिव,

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 26 जुलाई 2014

क्र. एफ-67-2-13-तीन-नपा-541.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह

निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह जनवरी, 2013 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् नरवर, जिला शिवपुरी** के आम निर्वाचन में **डॉ. देवीसिंह कुशवाह** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. इस नगरपालिका के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 18 जनवरी, 2013 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर (अर्थात् दिनांक 17 फरवरी, 2013 को शासकीय अवकाश होने से) दिनांक 18 फरवरी, 2013 तक, **डॉ. देवीसिंह कुशवाह** निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **जिला शिवपुरी** के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **शिवपुरी** के पत्र दिनांक 18 फरवरी, 2013 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **डॉ. देवीसिंह कुशवाह** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **डॉ. देवीसिंह कुशवाह** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 9 अप्रैल, 2013 को जारी किया गया. कारण बताओं नोटिस में **डॉ. देवीसिंह कुशवाह** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओं सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **डॉ. देवीसिंह कुशवाह** को नोटिस दिनांक 15 मई, 2013 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 30 मई, 2013 तक अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला शिवपुरी से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 2 दिसम्बर, 2013 में अभ्यर्थी **डॉ. देवीसिंह कुशवाह** द्वारा नोटिस तामीली उपरान्त अभ्यर्थी के द्वारा कोई उत्तर (जवाब) प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **डॉ. देवीसिंह कुशवाह** को दिनांक 8 जुलाई, 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय बुलाया गया. अभ्यर्थी **डॉ. देवीसिंह कुशवाह** उक्त दिवस को आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए. व्यक्तिगत सुनवाई की सूचना-पत्र की तामीली **डॉ. देवीसिंह कुशवाह** को विहित समयावधि में दिनांक 24 जून, 2014 को कराई गई. अतः उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **डॉ. देवीसिंह कुशवाह** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **डॉ. देवीसिंह कुशवाह** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद्, नरवर, जिला शिवपुरी** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 26 जुलाई 2014

क्र. एफ-67-2-13-तीन-नपा-542.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह जनवरी, 2013 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् नरवर, जिला शिवपुरी** के आम निर्वाचन में **श्री मनोज कुमार** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. इस नगरपालिका के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 18 जनवरी, 2013 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका

अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर (अर्थात् दिनांक 17 फरवरी, 2013 को शासकीय अवकाश होने से) दिनांक 18 फरवरी, 2013 तक, **श्री मनोज कुमार** निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **जिला शिवपुरी** के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **शिवपुरी** के पत्र दिनांक 18 फरवरी, 2013 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री मनोज कुमार** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री मनोज कुमार** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 9 अप्रैल, 2013 को जारी किया गया. कारण बताओं नोटिस में **श्री मनोज कुमार** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओं सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्री मनोज कुमार** को नोटिस दिनांक 16 मई, 2013 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 31 मई, 2013 तक अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला शिवपुरी से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 2 दिसम्बर, 2013 में अभ्यर्थी **श्री मनोज कुमार** द्वारा नोटिस तामीली उपरान्त अभ्यर्थी के द्वारा कोई उत्तर (जवाब) प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **श्री मनोज कुमार** को दिनांक 8 जुलाई, 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय बुलाया गया. अभ्यर्थी **श्री मनोज कुमार** उक्त दिवस को आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए. व्यक्तिगत सुनवाई की सूचना-पत्र की तामीली **श्री मनोज कुमार** को विहित समयावधि में दिनांक 24 जून, 2014 को कराई गई. अत: उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्री मनोज कुमार** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री मनोज कुमार** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद्, नरवर, जिला शिवपुरी** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 28 जुलाई 2014

क्र. एफ-67-129-10-तीन-नपा-563.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् बाड़ी, जिला रायसेन** के आम निर्वाचन में **सुश्री ममता धर्मेन्द्र चौहान** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर परिषद् बाड़ी, जिला रायसेन** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर, 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 16 जनवरी, 2010 तक, किन्तु 16 एवं 17 जनवरी, 2010 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18 जनवरी, 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **रायसेन** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **रायसेन** के पत्र दिनांक 2 फरवरी, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री ममता धर्मेन्द्र चौहान** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री ममता धर्मेन्द्र चौहान** में को कारण बताओं सूचना-पत्र दिनांक 23 फरवरी, 2010 जारी किया गया. कारण बताओं सूचना-पत्र में **सुश्री ममता धर्मेन्द्र चौहान** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री ममता धर्मेन्द्र चौहान द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रायसेन के पत्र दिनांक 16 अप्रैल, 2010 को तामील कराया गया. अत: **सुश्री ममता धर्मेन्द्र चौहान** को दिनांक 1 मई, 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. आयोग द्वारा **सुश्री ममता धर्मेन्द्र चौहान** को कारण बताओ सूचना पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रायसेन से उनका अभिमत चाहा गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रायसेन से प्राप्त पत्र दिनांक 1 जनवरी, 2014 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **सुश्री ममता धर्मेन्द्र चौहान** ने कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **सुश्री ममता धर्मेन्द्र चौहान** को दिनांक 8 जुलाई, 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर बुलाया गया. अभ्यर्थी व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं हुई, जबकि अभ्यर्थी **सुश्री ममता धर्मेन्द्र चौहान** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र दिनांक 3 जून, 2014 की तामीली विहित समयावधि में दिनांक 18 जून, 2014 को कराई जा चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री ममता धर्मेन्द्र चौहान** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद्, बाड़ी, जिला रायसेन** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 28 जुलाई 2014

क्र. एफ-67-129-10-तीन-नपा-564.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् बाड़ी, जिला रायसेन** के आम निर्वाचन में **सुश्री लक्ष्मी बाई** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर परिषद् बाड़ी, जिला रायसेन** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर, 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 16 जनवरी, 2010 तक, किन्तु 16 एवं 17 जनवरी, 2010 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18 जनवरी, 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **रायसेन** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **रायसेन** के पत्र दिनांक 2 फरवरी, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री लक्ष्मी बाई** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री लक्ष्मी बाई** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 23 फरवरी, 2010 जारी किया गया. कारण बताओ सूचना-पत्र में **सुश्री लक्ष्मी बाई** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री लक्ष्मी बाई द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 10 मार्च, 2010 को तामील किया गया. अत: **सुश्री लक्ष्मी बाई** को दिनांक 25 मार्च, 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. आयोग द्वारा **सुश्री लक्ष्मी बाई** को कारण बताओ सूचना पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रायसेन से उनका अभिमत चाहा गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रायसेन से प्राप्त पत्र दिनांक 1 जनवरी, 2014 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **सुश्री लक्ष्मी बाई** ने कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **सुश्री लक्ष्मी बाई** को दिनांक 8 जुलाई, 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर बुलाया गया था. अभ्यर्थी व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं हुईं, जबकि अभ्यर्थी **सुश्री लक्ष्मी बाई** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र दिनांक 3 जून, 2014 को अभ्यर्थी के निवास स्थान पर नहीं मिलने पर विहित समयावधि में समाचार-पत्र में प्रकाशित करवाया गया.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री लक्ष्मी बाई** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद्, बाड़ी, जिला रायसेन** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 28 जुलाई 2014

क्र. एफ-67-181-10-तीन.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् चंदला, जिला छतरपुर** के आम निर्वाचन में **सुश्री राजरानी अहिरवार** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर परिषद् चंदला, जिला छतरपुर** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 21 दिसम्बर, 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 20 जनवरी, 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **छतरपुर** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **छतरपुर** के पत्र दिनांक 1 फरवरी, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री राजरानी अहिरवार** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री राजरानी अहिरवार** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 19 फरवरी, 2010 जारी किया गया. कारण बताओं सूचना-पत्र में **सुश्री राजरानी अहिरवार** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री राजरानी अहिरवार को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 28 मार्च, 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 12 अप्रैल, 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. आयोग द्वारा **सुश्री राजरानी अहिरवार** को कारण बताओ सूचना पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर से उनका अभिमत चाहा गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर से प्राप्त पत्र दिनांक 30 दिसम्बर, 2013 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **सुश्री राजरानी अहिरवार** ने कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **सुश्री राजरानी अहिरवार** को दिनांक 10 जून, 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर बुलाया गया. अभ्यर्थी व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं हुईं, जबकि अभ्यर्थी **सुश्री राजरानी अहिरवार** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र दिनांक 16 अप्रैल, 2014 की तामीली विहित समयावधि में दिनांक 7 मई, 2014 को कराई जा चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग का यह

समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री राजरानी अहिरवार** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद्, चंदला, जिला छतरपुर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 28 जुलाई 2014

क्र. एफ-67-181-10-तीन.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् चंदला, जिला छतरपुर** के आम निर्वाचन में **सुश्री आशारानी बेड़िया** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर परिषद् चंदला, जिला छतरपुर** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 21 दिसम्बर, 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 20 जनवरी, 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **छतरपुर** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **छतरपुर** के पत्र दिनांक 1 फरवरी, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री आशारानी बेड़िया** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री आशारानी बेड़िया** को कारण बताओं सूचना पत्र दिनांक 19 फरवरी, 2010 जारी किया गया. कारण बताओ सूचना-पत्र में **सुश्री आशारानी बेड़िया** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री आशारानी बेड़िया को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 28 मार्च, 2010 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 12 अप्रैल, 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. आयोग द्वारा **सुश्री आशारानी बेड़िया** को कारण बताओ सूचना-पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर से उनका अभिमत चाहा गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी, छतरपुर से प्राप्त पत्र दिनांक 30 दिसम्बर, 2013 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **सुश्री आशारानी बेड़िया** ने कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी **सुश्री आशारानी बेड़िया** को दिनांक 10 जून, 2014 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर बुलाया गया. अभ्यर्थी व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं हुई, जबकि अभ्यर्थी **सुश्री आशारानी बेड़िया** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र दिनांक 16 अप्रैल, 2014 की तामीली विहित समयावधि में दिनांक 7 मई, 2014 को कराई जा चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री आशारानी बेड़िया** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद्, चंदला, जिला छतरपुर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के

तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 28 जुलाई 2014

क्र. एफ-67-181-10-तीन.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

